CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 193 रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




# राजस्व मंत्री के आश्वासन के बाद तहसीलदारों नायब तहसीलदारों की हड़ताल स्थगित



## 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे थे आंदोलन

**रायपुर,** 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई से आंदोलन कर रहे तहसीलदार-नायाब तहसीलदारों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया है. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात के बाद आज संघ ने अपना आंदोलन खत्म कर लिया है.

खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने बातचीत के दौरान बताया कि तहसीलदारों से चर्चा हो चुकी है और उनकी हड़ताल समाप्त हो गई है. उन्होंने कहा कि तहसीलदारों की कुछ प्रमुख मांगें थीं, जिन पर सहमति बन गई है. अन्य मांगों पर भी सरकार गंभीरता से विचार कर रही है. मंत्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि रुके हुए कार्यों को जल्द ही पूरा किया जाएगा. तहसीलदार संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने बताया कि प्रमुख मांगों पर राजस्व मंत्री ने त्वरित गति से विचार करने की बात कही है. मंत्री ने ये आश्वासन दिया है कि जल्द ही हमारी मांगों पर विचार किया जाएगा. इसलिए प्रदेश की जनता की हितों को ध्यान में रखते हुए हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है. बता दें कि छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार 28 जुलाई से अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं.

## शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत



नई दिल्ली, 6 अगस्त (न्यूज चैनल)। झारखंड के चाईबासा में एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में जमानत दे दी। राहुल गांधी के अदालत में पेशी के लिए आगमन को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने चाईबासा में सुरक्षा बढ़ा दी है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है। अधिकारियों के अनुसार, राहुल गांधी रांची से हेलीकॉप्टर द्वारा चाईबासा पहुँचे। उन्होंने बताया कि इसके लिए टाटा कॉलेज मैदान में एक हेलीपैड बनाया गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता मंगलवार को झारखंड के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंचे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में बुधवार को झारखंड के चाईबासा स्थित सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत में पेश हुए। रांची के सर्किट हाउस से जिस अदालत में वह पहुंचे, उसके अंदर आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## हिंसक वन्यप्राणियों द्वारा जनहानि, फसल हानि के प्रकरणों का संवेदनशीलता से करें निराकरण : साय



■ मुख्यमंत्री साय ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**रायपुर,** 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हिंसक वन्यप्राणियों द्वारा जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति के प्रकरणों में त्वरित, नियमानुसार एवं संवेदनशीलता से क्षतिपूर्ति सहायता प्रदान की जाए। वनांचल में निवासरत लोगों को कई बार वन्यप्राणियों के हमलों से अपनों को खोने की पीड़ा सहनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में प्रभावितों के दुख-दर्द का मानवीय दृष्टिकोण से शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री साय आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथी-मानव द्वंद्व और अन्य हिंसक वन्यप्राणियों द्वारा जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति की घटनाएं राज्य के वनांचल क्षेत्रों में चुनौती बनकर उभर रही हैं। ऐसी स्थितियों में शासन की जिम्मेदारी है कि पीड़ितों को शीघ्र एवं न्यायसंगत सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जंगली हाथियों द्वारा धान जैसी प्रमुख फसल के अतिरिक्त गन्ना, केला, पपीता एवं कटहल जैसी नगदी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी दोहरी मार झेलनी पड़ती है। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में प्रदत्त व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त सहायता समय पर प्रभावितों तक पहुंचे, इसके लिए विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मरीज लेने जा रहा मेडिकल प्लेन क्रैश, सवार सभी लोगों की आग में जिंदा जलने से मौत

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (न्यूज चैनल)। अमेरिका के उत्तरी एरिजोना के नवाजो नेशन में मंगलवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और फिर उसमें आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह चिकित्सीय परिवहन विमान था जिसमें बीमार, घायल या जरूरतमंद मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता था। न्यू मेक्सिको के अल्बुर्क की सीएसआई विमानन कंपनी से संबंधित यह विमान चिनले के हवाई अड्डे के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चिकित्साकर्मी सवार थे और वे एक मरीज को लेने अस्पताल जा रहे थे। संघीय विमानन प्रशासन के अधिकारियों ने एक ईमेल में बताया कि विमान दोपहर में हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें बताया गया कि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और एफएए मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है। नवाजो नेशन के शीर्ष नेता बुउ न्यग्रेन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस हादसे के बारे में जानकर उन्हें दुख हुआ।

### रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, 5.5 फीसदी पर बरकरार : मल्होत्रा


**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुंबई में आज प्रमुख नीतिगत दरों की घोषणा की। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने तटस्थ रुख जारी रखने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि ब्याज दरों को भारतीय अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति और देश में मौजूद क्षमता को देखते हुए तय किया गया है। संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में कमी का एलान नहीं किया। ऐसे में नीतिगत दरों से जुड़े ऋणों की ईएमआई में फिलहाल बदलाव नहीं होने वाली। इससे पहले उन्होंने जून की मॉनेटरी पॉलिसी में रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट्स में कमी का एलान किया था। अप्रैल की पॉलिसी में भी केंद्रीय बैंक ने 25 बेसिस प्वाइंट्स की कमी की थी।




चूहा- सुनती हो, प्रदेश सरकार बिजली बिल हाफ योजना को 100 यूनिट तक सीमित कर दी है।

चुहिया- हां जी, सरकार तो बन गई अब अगले चुनाव में देखा जाएगा!

## महादेव सट्टा एप से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की जमानत याचिका खारिज, एप प्रमोटरों में एक है आरोपी




**बिलासपुर,** 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। महादेव सट्टा ऐप मामले से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की जमानत याचिका खारिज हो गई है. आरोपी गोविंद केडिया ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी. जिस पर 24 जुलाई को सुनवाई होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। 24 जुलाई को हुई सुनवाई में ईडी के वकील सौरभ कुमार पांडे ने अपनी जिरह की थी. वहीं जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसके बाद मंगलवार को फैसला सुनाया गया है।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता किशोर भादुड़ी से मिली जानकारी के अनुसार, जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपी गोविन्द केडिया की याचिका खारिज कर दी है. ईडी के अनुसार, केडिया महादेव बेटिंग एप के प्रमोटरों में से एक है, और प्रमुख आरोपी विकास छापरिया से संबंध है. 7 दिसंबर 2024 को रायपुर स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में गोविंद केडिया को पेश कर ईडी ने रिमांड पर लिया था।

## तरपोंगी टोल प्लाजा में फिर विवाद, कर्मचारियों और कार चालक के बीच मारपीट



### रायपुर-बिलासपुर हाइवे पर लगा लंबा जाम

**धरसीवां,** 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे की सांकरा सिमगा सिक्स लाइन पर स्थित तरपोंगी टोल प्लाजा पर मंगलवार को फिर स्थानीय ग्रामीणों ओर टोल कर्मियों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है. स्थानीय लोगों से टोल टैक्स को लेकर पूर्व में भी यहां विवाद होते रहे हैं. कुछ दिन पूर्व सिमगा के भाजपा नेताओं के साथ विवाद हुआ. उसके पूर्व कांग्रेसियों के साथ विवाद हुआ था, तब कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन भी किया. अब स्थानीय होटल संचालक के किसी परिचित के साथ शुरू हुआ विवाद कुछ देर में मारपीट में तब्दील हो गया.

जानकारी के मुताबिक होटल संचालक के परिचित अपने वाहन से गुजर रहे थे, तभी टोल कर्मी ने उनकी कार पर हाथ मारा और विवाद शुरू हो गया. जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया. घटना के बाद वाहन मालिक के समर्थन में ग्रामीण पहुंचे तो टोल कर्मी टोल छोड़कर भाग गए, जिससे हाइवे पर लंबा जाम लग गया। टी आई राजेंद्र दीवान ने बताया कि मामले की रिपोर्ट कार मालिक द्वारा लिखाई गई है. सूचना पर मौके पर भी पुलिस पहुंची और मामला शांत कराया. वहीं सरपंच प्रतिनिधि विकास वर्मा ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों से हमेशा टैक्स लिया जाता है या फिर साढ़े तीन सौ का हर महीने पास बनवाना पड़ता है. ग्रामीणों को उनके ही गांव में टोल लगाकर बेमतलब पैसा वसूला जा रहा है।

## पंजाब के बरनाला में मंदिर में जिंदा जले 15 लोग, हालत नाजुक, रसोई कक्ष में लगी थी भयानक आग

**नई दिल्ली,** 6 अगस्त (न्यूज चैनल)। पंजाब के बरनाल के एक मंदिर में बेदह ही दर्दनाक घटना घटी है। मंदिर की रसोई में अचानक आग लग जाने के कारण अफरा तफरी मच गयी और इस आग में बुरी तरह से 6 लोग जिंगा जल गये। पंजाब के बरनाला जिले में मंगलवार शाम एक मंदिर के रसोई घर में उस समय आग लग गई जब एक बड़े चूल्हे में डीजल डालते समय वह फैल गया और आग में 15 लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 15 लोगों में से छह 70-80 प्रतिशत तक झुलस गए और उन्हें फरीदकोट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी लोगों को बरनाला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना बरनाला के धनौला स्थित एक मंदिर में शाम करीब सात बजे उस समय हुई जब श्रद्धालुओं के लिए 'लंगर' तैयार किया जा रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक रसोइया द्वारा चूल्हे में डीजल डालते समय डीजल फैलने के बाद रसोई कक्ष में आग तेजी से फैल गई।

## पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के घर चोरी



**अंबिकापुर,** 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता टीएस सिंहदेव के घर को चोरों ने निशाना बनाया है. चोरों ने आंगन में लगी पीतल से बनी हाथी की मूर्ती पर हाथ साफ कर के फरार हो गए हैं. कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंघदेव के कोठीघर कैंपस में मंगलवार रात को चोरो ने धावा बोल दिया. चोरों ने बरामदे में लगी 15 किलो वजनी पीतल से बनी हाथी की मूर्ति को चोरी कर लिया और फरार हो गए. घटना के बाद थाने में इसकी शिकायत की गई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के घर चोरी की घटना का एक्सक्लूसिव सीसीटीवी फुटेज लल्लूराम डॉट कॉम के पास आया है. इस फुटेज में चोर उनके बंगले में प्रवेश करते नजर आ रहा है. बताया जा रहा है कि घटना के दौरान केवल सुरक्षाकर्मी और नौकर मौजूद थे. घर के रिनोवेशन के दौरान ऐसी दो मूर्तियां बरामदे में लगाई गई थी, जिसमें से एक पर चोरों ने हाथ साफ किया है।

# कैदी भाईयों के कलाईयों पर सजेगी राखी, जेल में बहनों को राखी बांधने मिलेगा प्रवेश

## 9 को रक्षाबंधन, राखी बाजार में छाई रौनक, बहने भाईयों के लिए खरीद रहीं रक्षासूत्र

**धमतरी,** 6 अगस्त (हाईवे चैनल)। रक्षाबंधन पर्व पर जेल में बंद विचारधीन बंदियों व सजा प्राप्त कैदियों की कलाईयां सूनी नहीं रहेगी। जेल विभाग द्वारा इस वर्ष भी कैदियों को राखी बांधने की व्यवस्था की गई है। रक्षाबंधन के दिन सुबह 8 बजे से जिला जेल में सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनो को जेल में प्रवेश देकर कैदी भाईयों को राखी बंधवाया जाएगा। इस दौरान बहने द्वारा लाई गई सौ ग्राम मिठाई को कैदियों को जेल के भीतर ले जाने की अनुमति दी जाएगी। जेल में वर्तमान में लगभग 250 बंदी व कैदी है। बता दे कि विशेष मौको पर जेल में कैदियों को दिए जाने वाले रुटीन मीनू में बदलाव कर विशेष पकवान खिलाए जाते है। इसी तहत रक्षाबंधन पर जिला जेल में पुड़ी सब्जी, हलवा व अन्य मिष्ठान परोसा जाएगा।

बता दे कि इस बार कल 9 अगस्त को उल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां बहनों द्वारा की जा रही। पिछले दो तीन दिनों से राखी बाजार में रौनक बढ़ी है। बहने दूर रहने वाले भाईयों तक समय से रक्षासूत्र पहुंचाने अभी से राखी खरीदकर भाईयों को भेज चुकी है। ताकि उन्हें स्नेह और विश्वास उन तक पहुंच सके। शहर में विशेषकर गोलबाजार के आसपास राखियों का बाजार सजा है। इसके अतिरिक्त रामबाग ईतवारी बाजार, नया बस स्टैण्ड, रत्नाबांधा, रुद्री रोड सहित कई अन्य स्थानों फैंसी व जनरल स्टोर्स में राखियों की बिक्री हो रही है। बाजार में 5 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की राखियां उलपब्ध है। इनमें सबसे ज्यादा फैंसी व स्टोन राखियों की डिमांड है। वहीं छोटे बच्चों के लिए अलग कार्टून राखियां भी बाजार में उपलब्ध है। जिसकी भी डिमांड बनी हुई है। रक्षाबंधन पर्व पर बहन भाईयों को राखी बांधकर जीवनभर सुरक्षा व स्नेह का वचन लेती है। इस पर्व का हिन्दु धर्म में विशेष महत्व है पर्व को लेकर बहन भाईयों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है।






■ जिला जेल में बिखरेगी रक्षाबंधन की खुशियां : पर्व पर विशेष मीनू के तहत कैदियों को मिलेगी पुड़ी सब्जी, हलवा व अन्य मिष्ठान

### शुभ योग पर भाईयों की कलाई पर सजेगी राखी, नहीं होगा भद्रा का साया

रक्षाबंधन पर्व 9 अगस्त को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। क्योकि इस बार भद्रा की काला साया नहीं रहेगा। जो कि सात साल बाद ऐसा हो रहा है। रक्षाबंधन पर बहनें दिन भर भाइयों की कलाई पर राखी बांध सकेगी। विप्र विद्वत परिषद के अनुसार रक्षाबंधन पर्व सावन मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस वर्ष पूर्णिमा तिथि आठ अगस्त को दोपहर 2 बजकर 14 मिनट से प्रारंभ होगा। जो कि अगले दिन नौ अगस्त को दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। उदयातिथि के अनुसार रक्षाबंधन पर्व 9 अगस्त का मनाना शुभकारी है। इस बार भद्रा नही होने से सूर्योदय से लेकर दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक राखी बंधवाने के लिए शुभ होगा। जो दोपहर तक राखी नही बंधवा पाएंगे वे शाम तक राखी बंधवा सकते है। क्योकि उदयातिथि में ढाई घंटे से अधिक पूर्णिमा तिथि रहेगा। विप्र विद्वत परिषद के पंडितो ने बताया कि पूर्णिमा पर आमतौर पर भद्रा रहती है। और भद्राकाल में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। यही वजह है कि पिछले तीन साल से भद्रा के चलते बहनों को राखी बांधने के लिए रात तक भी इंतजार करना पड़ा। लेकिन इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर भद्रा नही है। इसलिए किसी प्रकार की दिग्भ्रमित न हो। परिषद ने बताया कि रक्षाबंधन पर इस बार नौ अगस्त को सौभाग्य और शोभन नामक दो शुभ योग के अलावा सर्वार्थ सिद्धि का भी संयोग बन रहा है। जो कि बेहद फलकारी होगा।

> "जिला जेल में बहनो द्वारा बंदी व कैदी भाईयों को राखी बांधने की व्यवस्था की गई है। वहीं शासन के निर्देशानुसार रक्षाबंधन पर भोजन के विशेष मीनू का पालन किया जाएगा।"
>
> -एन.के. डहरिया
> सहायक जेल अधीक्षक, जिला जेल धमतरी

CMYK